Bareilly, Friday,
20 February 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.00/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 02, MIDDLE

अबे ओ चीन, तू बड़ी बड़ी बातें मत बोल...

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (19 Feb): एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में गुरुवार को कवि सम्मेलन 'साहित्य सरिता' का आयोजन हुआ. इसमें पीलीभीत के कवि उमेश त्रिगुणायत अद्भुत, बरेली के हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष, पंतनगर के डॉ. केपी सिंह 'विकल बहराइची', बरेली की दीपा विरमानी, पीके दीवाना और डॉ संजय गुप्ता ने अपनी रचनाएं पेश कीं. उमेश त्रिगुणायत ने 'पहले सिजरा निकाल लेते हैं, लोग फिर हालचाल लेते हैं. उनके झांसे में आ गया जो भी, उसके खाते खंगाल लेते हैं, दुनियादारी से परिचित कराया. हिमांशु श्रोत्रिय 'निष्पक्ष' ने 'क्या रक्षा की कोई आशा, हो सकती बटमारों से, संस्कृति कैसे रक्षित होगी, अति विकृत व्यवहारों से सुनाकर संस्कृति को संजोने का संदेश दिया. इसके साथ ही उन्होंने 'पग पग पर कांटों के झुरमुट, अगर बिछाए जाएंगे, तुलसी के चौरे पर हठकर, अगर बबूल सजाएंगे, माली वैमनस्य यदि पाले, मन में स्वयं बहारों से, संस्कृति कैसे रक्षित होगी, अति विकृत व्यवहारों से' सुनाया. पीके 'दीवाना' ने 'अबे ओ चीन, तू बड़ी -बड़ी बातें मत बोल, बोलने से पहले अपनी छोटी- छोटी आंखें पूरी तरह से तो खोल, सुनाया.